उत्तराखंड में आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी

चर्चा में क्यों?

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने **उत्तराखंड के टनकपुर** में 2217 करोड़ रुपए की **8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी।**

मुख्य बिंदु:

- काठगोदाम से नैनीताल रोड को 2-लेन पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ा करने से **नैनीताल-मानसखंड मंदिरों तक कनेक्टिविटी में सुधार होगा।**
- काशीपुर से रामनगर रोड के 4-लेन के चौड़ा होने से पर्यटकों के लिये [जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क](#) और **मानसखंड मंदिरों** तक पहुँचना आसान हो जाएगा।
- राष्ट्रीय राजमार्ग 309A पर उडियारी बैंड से कांडा मार्ग के 2-लेन के चौड़ा होने और मरम्मत होने से बागेश्वर में **बागनाथ तथा बैजनाथ मंदिरों** तक पहुँच आसान हो जाएगी।
- उत्तराखंड में उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचा तैयार करने के उद्देश्य से न केवल सड़कों और राजमार्गों का कार्य चल रहा है, बल्कि **लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 87 विस्तार पर दीवारों का भी निर्माण किया जा रहा है।**
  - **बागेश्वर ज़िले में सरयू और गोमती नदियों पर दो पुलों की मरम्मत का कार्य भी 5 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है।**
- इन परियोजनाओं से न केवल पर्यटकों को लाभ होगा बल्कि स्थानीय लोगों के लिये भी आवागमन आसान हो जाएगा और पर्यावरण को कोई नुकसान पहुँचाए बिना **स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मज़बूत होगी।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eight-national-highway-projects-established-in-uttarakhand